## अध्याय – 3 | जनन स्वास्थ्य

QUIZ PART-01

1. **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना कब हुई थी?**
   A. 7 अप्रैल 1948 B. 5 अप्रैल 1950
   C. 7 जनवरी 1948 D. 26 मई 1962 (A)

*व्याख्या :* विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी और इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में स्थित है।

2. **भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत कब हुई थी?**
   A. 1948
   B. 1950
   C. 1951
   D. 1962 (C)

*व्याख्या :* भारत विश्व का पहला देश था जिसने राष्ट्रीय स्तर पर जनन स्वास्थ्य को लक्ष्य बनाते हुए 1951 में "परिवार नियोजन कार्यक्रम" की शुरुआत की।

3. **जनन स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए कौन-सा कार्यक्रम आरंभ किया गया?**
   A. जनसंख्या नियंत्रण योजना
   B. प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम (RCH)
   C. राष्ट्रीय जनगणना योजना
   D. मातृत्व संरक्षण योजना (B)

*व्याख्या :* जनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम (RCH) लोगों में जनन संबंधी समस्याओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रारंभ किया गया।

4. **भ्रूण में आनुवंशिक विकारों की पहचान के लिए कौन-सी जाँच की जाती है?**
   A. सोनोग्राफी B. अल्ट्रासाउंड
   C. ऐम्नियोसेंटेसिस D. बायोप्सी (C)

*व्याख्या :* ऐम्नियोसेंटेसिस जाँच में एम्नियोटिक द्रव में उपस्थित भ्रूणीय कोशिकाओं का विश्लेषण किया जाता है ताकि आनुवंशिक विकारों जैसे डाउन सिंड्रोम, सिकल सेल एनीमिया आदि का पता लगाया जा सके।

5. **"सहेली" नामक गर्भनिरोधक गोली की खोज कहाँ हुई थी?**
   A. ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़
   B. केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
   C. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
   D. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (B)

*व्याख्या :* "सहेली" गोली की खोज भारत के लखनऊ स्थित केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान (CDRI) में की गई थी; यह एक गैर-स्टेरॉइड गर्भनिरोधक है जो सप्ताह में एक बार ली जाती है।

6. **भारत में विवाह के लिए न्यूनतम वैधानिक आयु क्या है?**
   A. स्त्री – 16 वर्ष, पुरुष – 18 वर्ष
   B. स्त्री – 18 वर्ष, पुरुष – 21 वर्ष
   C. स्त्री – 17 वर्ष, पुरुष – 20 वर्ष
   D. स्त्री – 20 वर्ष, पुरुष – 25 वर्ष (B)

*व्याख्या :* भारत में विवाह की वैधानिक आयु स्त्रियों के लिए 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है, जिससे प्रारंभिक विवाह को रोका जा सके।

7. **जन्म नियंत्रण की प्राकृतिक विधियों में कौन-कौन सी शामिल हैं?**
   A. आवधिक संयम B. बाह्य स्खलन
   C. लैक्टेशनल एमेनोरिया D. उपरोक्त सभी (D)

*व्याख्या :* प्राकृतिक विधियों में आवधिक संयम, बाह्य स्खलन (Coitus interruptus) और लैक्टेशनल एमेनोरिया (स्तनपान के दौरान गर्भधारण से सुरक्षा) शामिल हैं।

8. **IUD (Intrauterine Device) का गर्भनिरोधक प्रभाव किस पर आधारित है?**
   A. शुक्राणुओं की वृद्धि
   B. भ्रूण का विकास
   C. शुक्राणुओं की गति और जीवनशीलता कम करना
   D. हार्मोनल स्राव रोकना (C)

*व्याख्या :* IUD गर्भाशय में स्थापित होकर कॉपर आयन छोड़ता है, जो शुक्राणुओं की गति और निषेचन क्षमता को कम करता है तथा गर्भाशय को निषेचित अंडाणु के आरोपण के लिए अनुपयुक्त बनाता है।

9. **"वासेक्टॉमी" और "ट्यूबेक्टॉमी" किस प्रकार की विधियाँ हैं?**
   A. अस्थायी गर्भनिरोधक B. स्थायी शल्य विधियाँ
   C. हार्मोनल उपचार D. औषधीय उपाय (B)

*व्याख्या :* वासेक्टॉमी (पुरुषों में) और ट्यूबेक्टॉमी (स्त्रियों में) स्थायी शल्य विधियाँ हैं, जिनमें क्रमशः शुक्रवाहक नलिका और डिंबवाही नलिका को बाँधा या काटा जाता है ताकि युग्मक न मिल सकें।

10. **भारत में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग कितनी थी (जनगणना 2001 के अनुसार)?**
    A. 1% B. 1.5%
    C. 2% D. 3% (C)

*व्याख्या :* सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या वृद्धि दर लगभग 2 प्रतिशत थी, अर्थात प्रति 1000 जनसंख्या में 20 व्यक्तियों की वार्षिक वृद्धि।